# माल और सेवा कर अपील अधिकरण (प्रक्रिया) नियम, 2025

[1]**अधिसूचना सा.का.नि. 256(अ)**, **दिनांक 24.04.2025**– माल और सेवा कर अपील अधिकरण, केन्द्रीय माल और सेवा कर अधिनियम, 2017 (2017 का 12) की धारा 111 द्वारा प्रदत्त शक्तियों का प्रयोग करते हुए, माल और सेवा कर अपील अधिकरण की प्रक्रिया और कार्यप्रणाली को विनियमित करने के लिए निम्नलिखित नियम बताता है, अर्थात :–

## अध्याय 1
## प्रारंभिक

### नियम 1 : संक्षिप्त नाम और प्रारंभ

(1) इन नियमों का संक्षिप्त नाम माल और सेवा कर अपील अधिकरण (प्रक्रिया) नियम, 2025 है।

(2) ये नियम इनके राजपत्र में प्रकाशन की तारीख को प्रवृत्त होंगे।

---

[1] यह अधिसूचना भारत के राजपत्र (असाधारण) में दिनांक 24.04.2025 को प्रकाशित हुई।